नाबालिग को ले जाने वाला गिरफ्तार

श्रावस्ती। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गडरही निवासी अहमद रजा उनकी नाबालिग पुत्री को कहीं ले गया है। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने रविवार को अहमद रजा को दहाना तिराहे से गिरफ्तार कर लिया है। (संवाद)

10 वारंटी गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस ने रविवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान 10 वारंटियों को गिरफ्तार किया। इनमें भिनगा कोतवाली पुलिस, सिरसिया पुलिस, मल्हीपुर पुलिस और इकौना पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पुलिस ने उनको संबंधित रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। (संवाद)